जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/118 दिनांक : 16/01/2013

// अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ विश्वविद्यालय द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि स्नातक/स्नातकोत्तर असंस्थागत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च–अप्रैल 2013 के लिये ऑनलाइन भरवाये जा रहे हैं।

''विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष ऐसे परीक्षार्थियों के लिये एक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है जिन्होंने पूर्व परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से उत्तीर्ण की हैं और वह आगामी परीक्षा में वार्षिक पद्धति से सम्मिलित होना चाहते हैं।

सेमेस्टर पद्धति के ऐसे छात्र, जिन्होंने पूर्व स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से उत्तीर्ण की हैं ऐसे छात्र स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। तथा ऐसे छात्र, जिन्होंने स्नातक पूर्व प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से उत्तीर्ण की हैं, ऐसे परीक्षार्थी स्नातक तृतीय वर्ष की वार्षिक पद्धति की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

स्नातकोत्तर स्तर पर ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने पूर्व प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से उत्तीर्ण की हैं, ऐसे परीक्षार्थी वार्षिक पद्धति के अंतर्गत अंतिम अवसर के रूप में स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध (फायनल) की परीक्षा में इस वर्ष सम्मिलित हो सकते हैं।''

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2012–13 से स्नातक– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./ बी.एच.एससी. तथा स्नातकोत्तर– एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी.(गणित) के असंस्थागत परीक्षार्थियों की परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से संपन्न कराने के निर्देश प्रदान किये थे, जिसके परिपालन में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. प्रथम सेमेस्टर दिसंबर–2012 एवम् स्नातकोत्तर– एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी.(गणित) प्रथम सेमेस्टर दिसंबर–2012 (असंस्थागत परीक्षार्थी) की परीक्षाएँ आयोजित कर संपन्न हो चुकी हैं।

अतः सत्र 2012–13 से स्नातक– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. प्रथम वर्ष (वार्षिक पद्धति) एवम् स्नातकोत्तर–एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी. (गणित) पूर्वार्द्ध (वार्षिक पद्धति) की परीक्षाएँ आयोजित नहीं होंगी।

प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें कि यदि किसी छात्र का पूर्व वर्षों में अध्ययन अंतराल (गेप) रहा है तो परीक्षार्थी द्वारा गैप का शपथ–पत्र अनिवार्य रूप परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया जावे।

यदि किसी 'सप्लीमेंट्री' अथवा 'बैक पेपर' के परीक्षार्थी के चालान फार्म में फीस अधिक आ रही है तो ऐसी परिस्थिति में "Update Subject & Category" आप्सन में जाकर छात्र का स्टेटस ''सप्लीमेंट्री'' (वार्षिक पद्धति) अथवा ''बी.पी.'' (सेमेस्टर पद्धति) कर दुबारा फार्म एवं चालान प्रिन्ट करें, ऐसा करने से छात्र के चालान फार्म में दर्शायी गयी परीक्षा फीस में परिवर्तन हो जावेगा।

ऐसे परीक्षार्थी जिनका परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा किसी कारणवश ऑनलाइन नहीं भेजा गया है, ऐसे असंस्थागत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय "New Exam Form" ऑप्सन के माध्यम से अनुक्रमांक (Roll Number) डालकर ऑनलाइन भरें एवं चालान फार्म प्राप्त कर परीक्षार्थियों को वितरित करें। विशेष परिस्थितियों में ही छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय कार्यालय भेजें।

सर्वसंबंधित की ओर सूचनार्थ छात्रहित में प्रसारित।

C.Shinde

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)